तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

12 राज्य सरकार पर वायदा खिलाफी का आरोप, प्रतियां जलाकर जताया विरोध



12 सितंबर में 12,116 यातायात चालान, 38.92 लाख मिलेगा राजस्व



खबर संक्षेप

पंचायती जमीन पर सफेदे के 46 पेड़ किए चोरी

यमुनानगर। जिले के व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव सरांवी में अज्ञात व्यक्ति ने पंचायती जमीन पर खड़े सफेदे के 46 पेड़ों को काट कर चोरी कर लिया। चोरी हुए पेड़ों की कीमत करीब दो लाख रुपये है। पुलिस ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार व्यासपुर के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताओ कि गांव सरांवी में पंचायती भूमि पर सफेदे के पेड़ लगे हुए हैं। 29 सितंबर को उसे सूचना मिली थी कि चोरों ने पंचायती जमीन पर खड़े पेड़ों को काटकर चोरी कर लिया है।

फ्रेंचाइजी के नाम पर ठगे साढ़े छह लाख

यमुनानगर। शहर के मॉडल टाउन सरणी चौक निवासी तुषार सिंगला को गो एक्सप्रेस एंड लॉजिस्टिक्स की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर साढ़े छह लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार तुषार सिंगला ने साइबर क्राइम पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 14 सितंबर को उसके पास अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को गो एक्सप्रेस एंड लॉजिस्टिक्स कंपनी का बड़ा अधिकारी बताया। आरोपी ने उसे फ्रेंचाइजी देने की बात कही।

अवैध खनन के मामले में 22 वाहन जब्त

अंबाला। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अवैध खनन को नजर रखने के लिए विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। कहा कि यह अवैध कारोबार किसी भी सुरत में बदार्शत नहीं होगा। डीसी ने जिला खनन अधिकारी से अवैध खनन को लेकर की जा रही कार्रवाई को लेकर जानकारी मांगी। जिला खनन अधिकारी प्रियंका ने बताया कि खनन विभाग ने संबंधित अधिकारियों से मिलकर पिछले माह में 22 वाहनों को जब्त करने का काम किया गया है।

लापता नेपाल प्रवासी का शव नहर से मिला शव

पानीपत। पानीपत में पिछले 15 सालों से निवास कर रहे नेपाल निवासी केशव सिंह का शव गांव कुराड के पास नहर से मिला। केशव चार दिन से लापता था। वहीं, केशव की पत्नी अपने तीनों बच्चों को लेकर नेपाल गई हुई है। वहीं, 40 वर्षीय केशव सिंह एचएसवीपी में वाटर प्लांट पर पानी सप्लाई का काम अपना व अपने परिवार का पेट पाल रहा था। इधर, हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने केशव के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। वहीं केशव की मौत के सही कारण जानने के लिए पुलिस उसके शव का चिकित्सकों के बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराएगी।

हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 12 में से 11 शिकायतों का किया निपटान

चढ़ूनी जाटान के तत्कालीन सरपंच के खिलाफ आई शिकायतों पर विभागीय विजिलेंस करेगी जांच: पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बैठक में शिकायतों का निपटारा करते विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री।

हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि गांव चढ़ूनी जाटान के तत्कालीन सरपंच के खिलाफ आई शिकायत को देखते हुए विभागीय विजीलेंस से जांच करवाई जा रही है। ग्रामीण जयपाल ने शिकायत में सरपंच पर ग्राम पंचायत द्वारा ग्रांटों के दुरुपयोग किए जाने का आरोप लगाया था। हरियाणा के विकास एवं पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार बुधवार को कुरुक्षेत्र में नए लघु सचिवालय के सभागार आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बैठक के एजेंडे में शामिल 12 शिकायतों में से 11 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार का उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बैठक में स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गांव धंतौड़ी निवासी संजीव कुमार की शिकायत पर एसडीएम शाहाबाद की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया। कमेटी में जिला शिक्षा अधिकारी, समिति के 4 सदस्य शामिल किए गए, जो पुलिस, स्कूल और शिकायत की सुनवाई के बाद रिपोर्ट पेश करेगी। शिकायतकर्ता संजीव कुमार ने शिकायत में बताया कि ज्ञान ज्योति विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल मोरथला में उसकी बेटी 10वीं कक्षा में पढ़ती है। स्कूल की तरफ से जनवरी में टूर गया था। जहां पर उसकी बेटी की मौत हो गई। उसको मौत की सूचना नहीं दी और न ही कारण बताया गया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गांव कारसा डोड निवासी महिला की शिकायत पर पुलिस को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

एक सप्ताह में आग लगने के नुकसान की भरपाई की कार्रवाई पर हो अमल

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने लाडवा निवासी राम गोपाल की शिकायत पर नगर पालिका लाडवा को एक सप्ताह में आग लगने के नुकसान की भरपाई की कार्रवाई अमल में लाई जाए। इसके साथ ही विभाग के अधिकारियों को कहा कि आगे से ऐसे शिकायतों में किसी भी नागरिक को चक्कर न लगाने पड़े। अन्य मामले में जेजे कॉलोनी निवासी चरण सिंह व अन्य की शिकायत पर निर्देश देते हुए कहा कि कच्चे रास्ते को पक्का किया, ताकि आम आदमी को आने जाने में सुविधा मिल सके।

ये रहे बैठक में मौजूद

इस मौके पर विधायक थानेसर अशोक अरोड़ा, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, चेयरमैन सुभाष कलसाना, जयभगवान शर्मा डीडी, चेयरमैन रविंद्र सांगवान, एसडीएम पिहोवा डा. राहुल कनवारिया, एसडीएम थानेसर अमन कुमार, एसडीएम लाडवा राजेश कुमार सोनी, एसडीएम शाहाबाद शंभू राठी, नगराधीश आशीष कुमार, जिला अध्यक्ष रमेश सैनी, उपाध्यक्ष डीपी चौधरी सहित अन्य सरकारी व गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।

पिछले सेमेस्टर के आधार पर औसत अंक देने व मामले की जांच कराने की मांग

विद्यार्थियों ने थर्ड गेट बंद कर किया प्रदर्शन

कुवि में उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध न होने का मामला गरमाया

पिछले सेमेस्टर के आधार पर औसत अंक देने और मामले की जांच कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कुवि के थर्ड गेट को बंद करते प्रदर्शनकारी छात्र।



कुरुक्षेत्र। थर्ड गेट के समक्ष धरने पर बैठे विद्यार्थी।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में फिजिकल एजुकेशन के करीब 200 विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं से संबंधित मामला सामने आने के बाद बुधवार को विद्यार्थियों ने विरोध प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के थर्ड गेट को बंद कर अपना रोष जताया। विद्यार्थियों का कहना है कि उन्हें घर पर पत्र भेजकर सूचित किया गया है कि उनकी उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध नहीं हैं और उन्हें दोबारा परीक्षा देने के लिए कहा गया है। इस स्थिति को लेकर विद्यार्थियों ने चिंता जताई कि दोबारा परीक्षा देने से उनकी पढ़ाई और शैक्षणिक वर्ष प्रभावित हो सकता है। प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों ने सुबह करीब तीन घंटे तक कुलपति कार्यालय के सामने धरना दिया। उनका कहना है कि इस दौरान उनकी समस्याएं सुनने के लिए कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मामले की स्थिति स्पष्ट करने, संबंधित उत्तर पुस्तिकाओं की उपलब्धता की जांच कराने और प्रभावित विद्यार्थियों के लिए उचित समाधान निकालने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें दोबारा परीक्षा देने के लिए बाध्य करने के बजाय ऐसा विकल्प अपनाया जाए, जिससे उनका शैक्षणिक नुकसान न हो।

उत्तर पुस्तिकाएं गुम होने पर भड़के छात्र, दोबारा परीक्षा का विरोध

एमए योगा की स्टूडेंट पायल ने बताया कि आंसरशीट यूनिवर्सिटी से गुम हुई हैं। इसमें उनकी कोई गलती नहीं है। अब दोबारा एग्जाम देने की बात कही जा रही है, लेकिन वे दोबारा एग्जाम क्यों दें। पहले वीसी ऑफिस के बाहर बैठकर अधिकारियों का इंतजार किया। करीब तीन घंटे तक कोई जवाब नहीं मिला तो थर्ड गेट पर पहुंचकर दोनों गेट बंद कर दिए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के छात्र नेता शुभम ने कहा कि फिजिकल एजुकेशन के विद्यार्थियों को परीक्षा परिणामों और री-इवैल्यूएशन को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनके अनुसार, कुछ विद्यार्थियों ने अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की जानकारी के लिए सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत आवेदन किया था। शुभम का दावा है कि विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जवाब में उत्तर पुस्तिकाएं गुम होने की जानकारी दी गई और विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा देने के लिए कहा गया। शुभम ने कहा कि यह मामला करीब 200 विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा है। उन्होंने मांग की कि प्रभावित विद्यार्थियों को पिछले सेमेस्टर के प्रदर्शन के आधार पर औसत अंक देने पर विचार किया जाए। साथ ही, उत्तर पुस्तिकाओं से संबंधित मामले की जांच कर जिम्मेदारी तय की जाए और यदि किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए। छात्र नेता प्रशांत त्यागी ने कहा कि विद्यार्थियों को भेजे गए पत्रों में उत्तर पुस्तिकाएं गुम होने की जानकारी दिए जाने की बात कही गई है। उन्होंने मांग की कि विश्वविद्यालय प्रशासन संबंधित विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं की स्थिति स्पष्ट करे और उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर उचित निर्णय ले। प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों का कहना है कि उन्होंने नियमानुसार परीक्षाएं दी थीं, इसलिए उत्तर पुस्तिकाओं से जुड़ी समस्या का समाधान विश्वविद्यालय प्रशासन को करना चाहिए। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच, प्रभावित विद्यार्थियों के हितों की रक्षा और उनके शैक्षणिक भविष्य को सुरक्षित रखने की मांग की।


दशहरा देखकर घर लौट रहे युवक की पीटकर हत्या

दो बेटियों का पिता व दो बहनों का इकलौता भाई था मृतक

- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ किया हत्या के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के कमला नगर में देर शाम दशहरा देखकर घर लौट रहे कॉलोनी के 34 वर्षीय सरन सिंह की कुछ लोगो ने पीट पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बुधवार सुबह पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक दो बेटियों का पिता और दो बहनों का इकलौता भाई था।



मृतक सरन सिंह

जानकारी के अनुसार कमला नगर निवासी संजीव कुमार ने बताया कि वह कार रिपेयरिंग का काम करता है। मंगलवार की शाम वह अपने बेटे के साथ मोटरसाइकिल पर दशहरा कार्यक्रम देखकर घर लौट रहा था। उसका चचेरा भाई सरन सिंह(34) भी पत्नी और बेटियों के साथ दशहरा देखकर घर लौटा था। इसके बाद शाम के करीब सवा सात बजे सरन सिंह परिवार को घर छोड़कर सब्जी लेने के लिए बाजार के लिए गया था। रास्ते में कमला नगर स्थित छोटी लाइन पर दुकान के सामने पहुंचा तो वहां पहले से खड़े दीपक उर्फ दीपा व उसके साथियों ने उसे रोक लिया और कहासुनी करने लगे। आरोप है कि बात बढ़ने पर आरोपियों ने सरन सिंह के साथ मारपीट शुरु कर दी। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने आरोपियों से सरन सिंह को छुड़वाने का प्रयास किया। मगर आरोपियों ने उसे पीटकर गंभीर रुप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही परिजनों ने मौके पर पहुंचकर गंभीर हालत में सरन सिंह को अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बुधवार को पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानलेवा हमले की जांच शुरू

पानीपत। पानीपत में टोल प्लाजा पर जीतेंद्र नामक युवक के पैर में गोली मारने के मामले की जांच हुडा सेक्टर13/17 थाना पुलिस ने शुरू कर दी है। जीतेंद्र को मंगलवार की शाम को बाइक सवार दो युवकों ने गोली मार कर घायल कर दिया था। वहीं, जीतेंद्र को गोली मारने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। इधर, पुलिस ने जीतेंद्र को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, जीतेंद्र ने बताया कि उनकी किसी से भी दुश्मनी या रंजिश नहीं है।

एनडीए सरकार किसान विरोधी

पानीपत। जननायक जनता पार्टी की जिला पानीपत इकाई ने गेहूं के समर्थन मूल्य में 25 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाए जाने के विरूद्ध और एसआईआर में जान बूझकर की गई कमियों के विरोध में जिला सचिवालय में जुलूस निकाल प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इधर, जेजेपी जिला अध्यक्ष रामनिवास पटवारी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियां किसान विरोधी है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव देवेंद्र कादियान ने आरोप लगाया कि एआईआर के नाम पर जनता को परेशान किया जा रहा है। जबकि जेजेपी जिला प्रवक्ता बिजेंद्र सहरावत ने बताया कि एनडीए सरकार की नीतियां कमेरे वर्ग के विरूद्ध है। केंद्र सरकार की नीतियों से सबसे अधिक परेशान किसान वर्ग है। किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। वहीं, आंदोलन में जजपा नेता संगीत जोगी, कप्तान जागलान, सुरेश आटा, कृष्ण चंदौली, बलराज देशवाल, राजेंद्र जैलदार, धर्मवीर राठी, गीता पलड़ी, महावीर कश्यप चंदौली, सरदार गुरप्रीत, अजय बिंझौल, मन्नू मान, लहना सिंह, पपिंदर त्यागी, मीनाक्षी चावला, शेर सिंह खरब, मनोज जौरासी, सरिता मोर, सतबीर रिसालू, सुभाष शर्मा, रोहतास सहरावत, सचिन चंदौली, दिनेश पंडित, शिवधन धीमान, विक्की डडोला, नितिन अहलावत, गौरव गिरि आदि ने भाग लिया।



फंदे पर लटका मिला दिव्यांग का शव

पानीतप। पानीपत में आजाद नगर रेलवे अंडरपास के करीब बुधवार सुबह दिव्यांग मजदूर 45 वर्षीय अशोक मूल निवासी बिहार का शव फंदे पर लटका मिला। वहीं, अशोक दो साल पहले ही पानीपत आकर बसा था और मेहनत-मजदूरी करके अपनी पत्नी व छह बच्चों का पेट पाल रहा था। इधर, जीआरपी ने अशोक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर, पत्नी संजू देवी ने अपने पति की मौत के मामले की जीआरपी से जांच की अपील करते हुए हत्या की आशंका जताई है।

सेना-पुलिस की वर्दी की खरीद-बिक्री पर सख्त आदेश

- बिना अनुमति आर्मी-पुलिस की वर्दी खरीदने व बेचने के साथ सिलाई करने पर प्रतिबंध, एसपी ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला में राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून-व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आर्मी एवं पुलिस की वर्दी तथा कॉम्बैट ड्रेस की खरीद-बिक्री, भंडारण और सिलाई को लेकर आवश्यक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार जिले में एयर फोर्स स्टेशन और सेना की कई बटालियनें स्थित हैं। ऐसे में राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से जिले का विशेष महत्व है। असामाजिक एवं राष्ट्रविरोधी तत्वों द्वारा सेना या पुलिस की वर्दी अथवा इसी तरह की कॉम्बैट ड्रेस का दुरुपयोग कर कानून-व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा को प्रभावित करने की आशंका को देखते हुए ये एहतियाती कदम उठाए गए हैं।

अनधिकृत व्यक्तियों एवं फर्मों पर प्रतिबंध

कोई भी अनधिकृत व्यक्ति या फर्म पुलिस/सेना की कॉम्बैट ड्रेस अथवा रेडीमेड कॉम्बैट ड्रेस की खरीद, भंडारण, सिलाई एवं बिक्री नहीं कर सकेगा। कॉम्बैट ड्रेस की खरीद, भंडारण और बिक्री का कारोबार करने वाली सभी अधिकृत निजी फर्मों एवं दुकानों को आदेश जारी होने और प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर संबंधित व्यवसाय करने के अपने प्राधिकार की लिखित सूचना निकटतम पुलिस थाने में देनी होगी। अधिकृत दुकानदारों एवं फर्मों को सेना, अर्धसैनिक बलों और पुलिस कर्मियों सहित अन्य ग्राहकों को बेची गई कॉम्बैट ड्रेस, खादी ड्रेस एवं कपड़े का विवरण प्रत्येक 15 दिन में संबंधित थाना प्रभारी को उपलब्ध करवाना होगा। सभी अधिकृत दुकानदारों को खरीदे गए सामान, उसकी मात्रा, बिक्री की तारीख, बेची गई वस्तुओं की संख्या तथा खरीददारों के नाम, पते एवं पहचान संबंधी विवरण का रिकॉर्ड रजिस्टर में रखना होगा। संबंधित अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान यह रिकॉर्ड उपलब्ध करवाना अनिवार्य होगा। अधिकृत फर्में सेना एवं भारत संघ के सशस्त्र बलों के वास्तविक सदस्यों की पहचान सत्यापित करने के बाद ही संबंधित वर्दी एवं कॉम्बैट ड्रेस बेच सकेंगी। इसके लिए खरीददार का नाम, संबंधित यूनिट एवं अन्य आवश्यक विवरण रजिस्टर में दर्ज करना होगा। जारी आदेशों के अनुसार ये आदेश तब तक प्रभावी रहेंगे जब तक इन्हें पहले वापस नहीं लिया जाता या इनमें संशोधन नहीं किया जाता।

सशस्त्र टुकड़ी ने दी सलामी, शहीद हुए 154 पुलिसकर्मियों के नाम पढ़कर किया याद

मधुबन में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद पुलिसकर्मियों को नमन करते पुलिस महानिरीक्षक अश्विन शेणवी व अन्य अधिकारी।

पुलिस परिसर मधुबन स्थित शहीद स्मारक पर बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन कर कर्तव्य की बलिवेदी पर प्राण न्योछावर करने वाले बहादुर पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। सशस्त्र पुलिस टुकड़ी ने शहीद पुलिसकर्मियों को सलामी दी। मुख्य शोककर्ता पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल करनाल एवं पुलिस महानिरीक्षक हरियाणा सशस्त्र पुलिस मधुबन अश्विन शेणवी ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। उन्होंने शहीद परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विजिटर बुक में संदेश भी अंकित किया। परेड की अगुवाई द्वितीय वाहिनी के पुलिस उप-अधीक्षक जितेन्द्र बेनिवाल ने की। इस दौरान निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर भी लगाया गया।

चतुर्थ वाहिनी की आदेशक भारती डबास ने एक सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक एक वर्ष के दौरान शहीद हुए 154 पुलिसकर्मियों के नाम पढ़कर उन्हें नमन किया। लोक संपर्क विभाग करनाल के कलाकार सुमेरपाल, हेमंत शर्मा, गुलाब सिंह और अनुज ने देशभक्ति रागनियों व गीतों के माध्यम से शहीदों को याद किया। पुलिस स्मृति दिवस की शुरुआत 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में चीनी सेना से मुकाबला करते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवानों की शहादत की स्मृति में हुई थी। वर्ष 1960 से हर साल 21 अक्टूबर को देशभर में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में हरियाणा सशस्त्र पुलिस पंचम वाहिनी के आदेशक सुरिन्द्र मौरिया, द्वितीय वाहिनी के आदेशक मुकेश कुमार, चतुर्थ वाहिनी की आदेशक भारती डबास, पुलिस अधीक्षक अकादमी पुष्पा सहित विभिन्न इकाइयों के अधिकारी, पुलिसकर्मी, अकादमी के प्रशिक्षणार्थी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

युवा महोत्सव में डीएवी पीजी कॉलेज के छात्र ने दिखाई प्रतिभा

करनाल। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 49वें करनाल जोनल युवा महोत्सव में डीएवी पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं कलात्मक विधाओं में शानदार प्रदर्शन किया। पानीपत के आर्य पीजी कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव में विद्यार्थियों ने ग्रुप डांस हरियाणवी, सोलो डांस फीमेल, बंजारा डांस, वन एक्ट प्ले, संस्कृत नाटक, हरियाणवी पॉप, ग्रुप डांस जनरल, मिमिक्री और हरियाणवी स्किट में प्रतिभा दिखाई। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलपति एवं कॉलेज प्राचार्य प्रो. रामपाल सैनी ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, रचनात्मकता, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करती हैं। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, स्टाफ तथा डीएवी कॉलेज प्रबंधक समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों को भी बधाई दी।

सरिया और लॉटरी के नाम पर 5.60 लाख की ठगी, दो काबू

करनाल। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के दो मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में अशोक राम उर्फ किट्टू निवासी डहू, चतरा झारखंड को पकड़ा गया। करनाल के अभिषेक मित्तल ने मकान निर्माण के लिए गूगल पर जिंदल स्टील का नंबर खोजा था। आरोपी ने कंपनी प्रतिनिधि बनकर फर्जी बिल भेजा और सरिया देने के नाम पर करीब 2.60 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। आरोपी को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दूसरे मामले में सूरज कुमार निवासी सकलडीहा, चंदौली उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। करनाल के कश्मीर सिंह ने फेसबुक पर लॉटरी का विज्ञापन देखकर संपर्क किया था। आरोपियों ने 12 लाख की लॉटरी निकलने का झांसा देकर रजिस्ट्रेशन फीस, जीएसटी व क्लेम के नाम पर करीब तीन लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने दोनों आरोपियों से एक-एक मोबाइल फोन बरामद किया है। कार्रवाई निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में एएसआई कृष्ण कुमार व रामफूल की टीमों ने की। पुलिस ने लोगों को ऑनलाइन खरीदारी और लॉटरी के नाम पर ठगी से सतर्क रहने की अपील की है।

न्यूज डायरी

एआई की भूमिका समझेंगी छात्राएं



करनाल। कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में वाणिज्य एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग की ओर से आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ तथा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में 'व्यावसायिक समाधानों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका' विषय पर 10 दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। उद्घाटन अवसर पर मुख्य संसाधन व्यक्ति सहायक प्रोफेसर प्रो. परवीन कुमार शर्मा तथा अतिथि वक्ता अंकित कुमार और अभिषेक कुमार पांडेय ने छात्राओं को व्यावसायिक निर्णय लेने, कार्यक्षमता बढ़ाने, डेटा विश्लेषण तथा संस्थाओं के लिए प्रभावी समाधान विकसित करने में एआई की उपयोगिता बताई। आईक्यूएसी अध्यक्ष डॉ. मंजू सिंह और आईआईसी अध्यक्ष डॉ. सुनीत भंडारी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में अंशुल अत्रेजा, डॉ. शिल्पा, जैसमीन, डॉ. प्रियंका, भारती, हरविंद्र, काजल, डॉ. मोनिका और मनप्रीत मौजूद रहे।

बैंकिंग सेवाओं की जानकारी देकर किया जागरूक



करनाल। बैंकिंग जागरूकता शिविर में अधिकारियों ने बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, वित्तीय जागरूकता विकसित करने और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। सर्किल हेड पीएनबी करनाल त्रिमूर्ति पांडे ने भी अपने विचार रखे। शिविर में ग्रामीणों को बैंक अधिकारियों के साथ सीधे संवाद कर अपनी शंकाओं का समाधान करने का अवसर मिला। एसएलबीसी हरियाणा के उप महाप्रबंधक ओंकार नाथ झा ने शिविर में पहुंचे लोगों का आभार जताया। इस मौके पर एसएलबीसी हरियाणा के मुख्य मैनेजर विजय कुमार, नाबार्ड के हिमांशु खत्री, अग्रणी जिला प्रबंधक राजीव मिन्हास और कुटेल के सरपंच विशाल कल्याण सहित अन्य मौजूद रहे। मुख्य अतिथि व अन्य अधिकारियों को स्मृति चिन्ह और पौधे देकर सम्मानित किया गया।

स्पेशल शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण आज से



करनाल। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को खेलों से जोड़ने और उनकी छिपी प्रतिभा को सामने लाने के उद्देश्य से हरियाणा के 356 स्पेशल शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्पेशल ओलंपिक भारत और हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के संयुक्त प्रयास से 22 अक्टूबर से 7 नवंबर तक करण स्टेडियम एवं पीएम श्री स्कूल करनाल में 14 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सुबह 6.30 से शाम 5 बजे तक चलेगा। डीपीसी धर्मपाल चौधरी ने बताया कि शिक्षकों को थ्योरी और प्रैक्टिकल प्रशिक्षण के साथ बच्चों की शारीरिक एवं मानसिक क्षमताओं के अनुरूप खेल गतिविधियों की योजना, खेल नियमों और प्रतियोगिताओं की तैयारी की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान डीपीसी धर्मपाल चौधरी, एपीसी पवन, बीईओ गुरनाम सिंह मंढाण, धर्मवीर, संजीव, प्राचार्य रामकुमार, महेंद्र नरवाल, मीनाक्षी चौधरी, रजनी, दलीप सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, सहदेव, परवीन शर्मा, राजबीर, प्रोग्रामर पवन, ईशा चौधरी, निशा, नीतू, हेमा, तुषार, विकास, रोशन और अमित मौजूद रहे।

रावण ही नहीं, मन के विकारों का दहन भी जरूरी



करनाल। सेक्टर-7 स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र में दशहरा महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुतियों के माध्यम से बुराइयों पर विजय का संदेश दिया गया। ब्रह्माकुमारी प्रेम दीदी और ब्रह्माकुमारी शीखा दीदी ने कहा कि दशहरा केवल रावण के पुतले का दहन नहीं, बल्कि अपने भीतर के काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार और नकारात्मक संस्कारों को समाप्त करने की प्रेरणा देता है। अंशिका, यशिका, रितिका और वीशु ने गीतों पर नृत्य और स्किट के माध्यम से दशहरे का आध्यात्मिक संदेश दिया। कार्यक्रम में सुशील शर्मा, डी.डी. शर्मा, एन.के. महानी, राम कटारिया, बीके शिविका, बीके आरती, बीके ज्योति, बीके कीर्ति, सुषमा, सुनीता मदान, कविता, सुनीता जागिया, छवि और विमल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

युवतियों के अधिकार और चुनौतियों पर मंथन आज



करनाल। युवा लड़कियों के सामने शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा और समानता से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा के लिए अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति हरियाणा की ओर से 22 अक्टूबर को गुरुद्वारा डेरा कार सेवा में राज्य स्तरीय युवती सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। स्वतंत्रता सेनानी एवं आजाद हिंद फौज की अधिकारी कैप्टन लक्ष्मी सहगल के जन्मदिवस पर होने वाले सम्मेलन में महिला आंदोलनकारी एवं पूर्व सांसद सुभाषिनी अली सहगल मुख्य वक्ता होंगी।

छात्राओं ने आकर्षक गुलदस्ते बनाने की कला सीखी



करनाल। पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं गृह विज्ञान विभाग ने हस्तनिर्मित कृत्रिम फूल बनाने की कार्यशाला आयोजित की। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अनिल गर्ग के मार्गदर्शन में कॉलेज की पूर्व छात्रा एवं बीन्स स्टॉक स्कूल की शिक्षिका अनु ने छात्राओं को पाइप क्लीनर और नेट के कपड़े से विभिन्न प्रकार के फूल एवं आकर्षक गुलदस्ते बनाना सिखाया। कार्यशाला का आयोजन डॉ. मनमीत कौर, प्राध्यापिका प्रीति शर्मा और महिला प्रकोष्ठ संयोजिका डॉ. सुनीता चोपड़ा के संयुक्त प्रयास से किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मकता और व्यावहारिक कौशल विकसित करने के साथ स्वरोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा देना रहा।

स्पेन भेजने के नाम पर युवक से 20 लाख की ठगी

करनाल। करनाल में युवक को स्पेन भेजकर पक्की नौकरी दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित काला राम ने बताया कि उसके बेटे रवि को कपिल ने स्काईलिंक कार्यालय के संचालक विक्रमजीत सिंह से मिलवाया था। विक्रमजीत ने रवि को स्पेन भेजने और नौकरी दिलाने का झांसा देकर 20 लाख रुपये में सौदा तय किया। आरोप है कि बायोमेट्रिक के लिए रवि को दिल्ली स्थित स्पेन वीजा केंद्र बुलाकर 5,665 रुपये फीस भी दिलवाई गई। बाद में परिवार से अलग-अलग तरीके से कुल 20 लाख रुपये ले लिए गए। आरोपियों ने 6 और 22 जनवरी की टिकट बुक होने का दावा किया, लेकिन जांच कराने पर वीजा और हवाई टिकट दोनों फर्जी मिले। रकम वापस मांगने पर पंचायत के दबाव में 10 लाख, चार लाख और 15 लाख रुपये के चेक दिए गए, जो बैंक में बाउंस हो गए। आरोप है कि रवि का पासपोर्ट वापस करने से पहले वीजा वाला पन्ना भी फाड़ दिया गया और उसके नाम से नया पासपोर्ट अप्लाई कर दिया गया। थाना सेक्टर-32-33 पुलिस ने विक्रमजीत सिंह, उसकी पत्नी मनप्रीत कौर, सुभाष और कपिल के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बीबीपुर जाटान में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज



इंद्री। गांव बीबीपुर जाटान स्थित प्राचीन श्री चंद्र मोलेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में श्री विद्या मां बाला त्रिपुर सुंदरी मंदिर की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं शतचंडी यज्ञ का आयोजन 22 से 26 अक्टूबर तक किया जाएगा। धार्मिक कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर के महंत दिगंबर कल्याणपुरी जी महाराज ने बताया कि गांव में श्री विद्या मां बाला त्रिपुर सुंदरी मंदिर का भव्य निर्माण करवाया गया है। मंदिर में माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान के साथ करवाई जाएगी। कार्यक्रम में गुजरात से आए प्रसिद्ध आचार्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करवाएंगे। उन्होंने बताया कि 22 अक्टूबर को सुबह 8 बजे मंडप प्रवेश, चण्डी पाठ एवं अग्नि स्थापना की जाएगी। 23 अक्टूबर को पूजन, जल यात्रा, कुटीर कर्म एवं जलाधिवास किया जाएगा, 24 को पूजन, धान्य अधिवास,गुड अधिवास एवं फूल अधिवास करवाया जाएगा, और 25 को पूजन, प्रसाद वास्तु, दिक्षु होम, महा स्नापन, स्थापित देवता होम, शयन अधिवास सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे। इस दौरान प्रतिदिन शाम को आरती व पूजा होगी। 26 अक्टूबर को पूजन के बाद माता की मूर्ति की स्थापना विधि-विधान से की जाएगी।

शहीदों की वीरता पुलिस जवानों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी

- पुलिस स्मृति दिवस पर 11 शहीद जवानों को किया नमन
- परिजनों ने भी अर्पित किए श्रद्धासुमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। नई पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते पुलिस अधिकारी व परिजन।

देश और समाज की सुरक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिस जवानों की याद में मंगलवार को कैथल रोड स्थित नई पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और शहीदों के परिजनों ने पुलिस स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित कर कुछ क्षण का मौन रखा। पुलिस अधीक्षक करन गोयल ने बताया कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में चीनी सैनिकों के हमले में सीआरपीएफ के 10 जवान शहीद हुए थे। उनकी स्मृति में हर वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।

एसपी ने बताया कि वर्ष 1990 से 2018 तक करनाल पुलिस के 11 जवानों ने कर्तव्य निभाते हुए प्राण न्योछावर किए। इनमें निरीक्षक बलजीत सिंह, निरीक्षक विजेंद्र सिंह, उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक रघुनंदन, सहायक उप निरीक्षक पाला राम, मुख्य सिपाही कुलदीप सिंह, सूरजभान व जगतार सिंह तथा सिपाही नारायण सिंह, महावीर सिंह और मेहर सिंह शामिल हैं। पुलिसकर्मियों ने शहीदों के आदर्शों पर चलते हुए आमजन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

इस दौरान एसपी करन गोयल, सहायक पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार, डीएसपी मुख्यालय संदीप कुमार, डीएसपी सोनू नरवाल, डीएसपी असंध गोरखपाल सहित सभी थाना प्रबंधक, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और शहीदों के परिजन मौजूद रहे।

थाने आने वाले हर पीड़ित से सम्मानजनक व्यवहार करें : आईजी



करनाल। पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल अश्विन शैणवी ने बुधवार को सेक्टर-12 स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपराध समीक्षा बैठक की। पुलिस अधीक्षक करन गोयल ने उनका स्वागत किया और पुलिस गार्द ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। बैठक में कानून व्यवस्था, गंभीर अपराधों की जांच, लंबित मामलों, नशा तस्करी, साइबर अपराध और महिला सुरक्षा की समीक्षा की गई। आईजी ने कहा कि थाना-चौकी में शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक पीड़ित से सभ्य व सम्मानजनक व्यवहार कर समयबद्ध समाधान किया जाए। उन्होंने लंबित मामलों का प्राथमिकता से निपटारा, नियमित गश्त बढ़ाने, संदिग्धों पर निगरानी और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिसकर्मियों के कल्याण और उनकी समस्याओं के समाधान का भी भरोसा दिया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अजीत तोमर, सहायक पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार, डीएसपी संदीप सिंह, गोरखपाल राणा, मनोज कुमार, सोनू नरवाल, नायब सिंह, मीना कुमारी सहित थाना प्रबंधक, क्राइम यूनिट व शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

बिजली निजीकरण का फैसला वापस ले सरकार



करनाल। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने बिजली क्षेत्र को निजी हाथों में सौंपने के फैसले का विरोध करते हुए इसे वापस लेने की मांग की। बुधवार को दादुपुर रोडान स्थित मराठा भवन में किसान-मजदूर महापंचायत के दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए और नोटिफिकेशन की प्रतियां जलाईं। महापंचायत का संचालन प्रदेश संगठन सचिव शाम सिंह मान ने किया। वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर और कोर कमेटी चेयरमैन यशपाल राणा भी मौजूद रहे। रतनमान ने बिजली वितरण का लाइसेंस निजी कंपनी को देने, स्मार्ट मीटर योजना और एग्री डिस्काम के गठन का विरोध करने का ऐलान किया। महापंचायत में खेड़ीनरू, पौघड़ीपुर, कतलाहेड़ी, शाहपुर, औगंद और दादुपुर के किसानों ने भाग लिया। इस दौरान दादुपुर में भाकियू कमेटी गठित की गई, जिसमें कर्मबीर सिंह, बाबूराम पहलवान, सतपाल, मोहर सिंह, ज्ञानचंद, बालीराम, सुभाष, जसबीर सिंह और जयप्रकाश को शामिल किया गया। मौके पर राम सिंह दादुपुर, नफे सिंह तावडे, हिसम सिंह, मेहर सिंह, बाबूराम, शेर सिंह कश्यप, ईशम सिंह और सुरत सिंह सहित किसान-मजदूर मौजूद रहे।

तेजस्वी और अनिश ने बढ़ाया प्रदेश का गौरव



करनाल। चेन्नई में आयोजित अखिल भारतीय वायु सेना कैंप-2026 में पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी एयर विंग कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एयरोमॉडलिंग में स्वर्ण पदक जीता। पदक लेकर लौटे कैडेट्स का 2 हरियाणा एयर स्क्वाड्रन एनसीसी करनाल की ओर से कॉलेज में जोरदार स्वागत किया गया। कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर संदीप कौर ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं चंडीगढ़ निदेशालय के 38 एयर विंग कैडेट्स ने कैंप में भाग लिया, जिनमें करनाल स्क्वाड्रन के छह कैडेट्स शामिल थे। एयरफोर्स स्टेशन ताम्बरम, चेन्नई में 30 सितंबर से 12 अक्टूबर तक आयोजित कैंप में कैडेट तेजस्वी ने 'बेस्ट इन फ्लाइंग' और कैडेट अनिश ने रेडियो पावर कंट्रोल एयरोमॉडलिंग में स्वर्ण पदक हासिल किया। फ्लाइट लेफ्टिनेंट डॉ. सुरेश कुमार दुग्गल ने बताया कि दोनों कैडेट्स की चयन यात्रा 22 अगस्त से शुरू हुई। उन्होंने पीवीएससी-1 के बाद 9 से 19 सितंबर तक पीवीएससी-2 और 19 से 29 सितंबर तक पीवीएससी-3 में भाग लिया। स्वागत के दौरान डॉ. राजेंद्र अरोड़ा, डॉ. राजेश रांझा, डॉ. निधि शर्मा, डॉ. कंवरजीत मलिक, डॉ. दीपक धुल, डॉ. राजेश रंगा, निशांत टाया और एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर किया प्रदर्शन

इंद्री । इंद्री मे बुधवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन किया । कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए मेहता फार्म से शहीद उधम सिंह चौक पर पहुंचे। शहीद उधम सिंह चौक पर कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंककर उनके इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन में मुलाना से कांग्रेस विधायक पूजा चौधरी मुख्य तौर पर शामिल हुईं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के इंद्री हलका अध्यक्ष सचिन कांबोज ने की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर अपना विरोध जताया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि देश में मतदाताओं के अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास हो रहा है। हल्का अध्यक्ष सचिन कांबोज ने कहा की पुरे देश में चुनाव आयुक्त की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे है तो नैतिकता के आधार पर उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए । मुलाना की कांग्रेस विधायक पूजा चौधरी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया है।



इंद्री। शहीद उधम सिंह चौक पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंकते कांग्रेसी।

स्कूलों में योग प्रशिक्षण के लिए तैयार होंगे शारीरिक शिक्षक

करनाल। राजकीय उच्च विद्यालय सेक्टर-13 अर्बन एस्टेट में बुधवार को 30 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) शाहपुर की ओर से हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग, एससीईआरटी, हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग और पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के समन्वय से शिविर आयोजित किया जा रहा है। डाइट प्रभारी एवं जिला नोडल अधिकारी मुनिश कुमार के निर्देशन में करनाल और इंद्री खंड के राजकीय विद्यालयों में कार्यरत डीपीई, पीटीआई एवं शारीरिक शिक्षा के स्नातकोत्तर अध्यापकों को योग प्रशिक्षक के रूप में तैयार किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यालयों में नियमित योगाभ्यास के जरिए विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास को बढ़ावा देना है। हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य का डाइट प्रभारी मुनिश कुमार और आयोजन टीम ने स्वागत किया। डॉ. आर्य ने श्रीमद्भगवद्गीता में निहित विभिन्न विषयों पर विचार साझा करते हुए प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। मुख्य प्रशिक्षक अमित आर्य और इंदु शेखर विभिन्न योग विधाओं का प्रशिक्षण दे रहे हैं। आयोजन में अशोक का विशेष योगदान रहा। आईएफआईसी सदस्य डॉ. नरेंद्र तथा डाइट की टीम व्यवस्थाओं और गतिविधियों का समन्वय कर रही है।

समर्थकों ने लड्डू खिलाकर मनाई खुशी

हसनपुर में अन्नू बनीं कार्यवाहक सरपंच

- पूर्व सरपंच मंजू रानी के निलंबन के बाद बीडीपीओ कार्यालय में पूरी हुई चुनाव प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा



हसनपुर गांव की महिला सरपंच मंजू रानी के निलंबन के बाद गांव में कार्यवाहक सरपंच नियुक्त करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। बुधवार, 21अक्टूबर को बीडीपीओ कार्यालय में करीब दो घंटे तक चली बैठक के बाद अन्नू रानी को बहुमत के आधार पर कार्यवाहक सरपंच घोषित किया गया। उनके पक्ष में गांव के चार पंचों ने अपना समर्थन दिया। कार्यवाहक सरपंच बनने के बाद अन्नू रानी के समर्थकों ने उन्हें लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया। जानकारी के अनुसार, हसनपुर गांव की पूर्व सरपंच मंजू रानी को कथित भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते जिला प्रशासन की ओर से पिछले दिनों निलंबित कर दिया गया था। उनके निलंबन के बाद गांव में कार्यवाहक सरपंच नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके लिए प्रशासन की ओर से 21 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की गई थी। इसी के तहत बुधवार को गांव के इच्छुक पंच अपने समर्थकों और ग्रामीणों के साथ बीडीपीओ कार्यालय पहुंचे।

सुबह 11 बजे पंचों और ग्रामीणों के पहुंचने के बाद कार्यवाहक सरपंच के चयन को लेकर विचार-विमर्श शुरू हुआ। करीब दो घंटे तक चली आपसी बैठक और चर्चा के बाद अन्नू रानी के नाम पर सहमति बनी। गांव में कुल आठ पंच हैं, जिनमें से अनिल कुमार, रानी, सागर और पिंकी ने अन्नू रानी के समर्थन में अपना मत दिया। चार पंचों का समर्थन मिलने के बाद अन्नू रानी को शेष कार्यकाल के लिए कार्यवाहक सरपंच बनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई।

इसके बाद बीडीपीओ कार्यालय में संबंधित औपचारिकताएं पूरी की गईं और अन्नू रानी को बहुमत के आधार पर कार्यवाहक सरपंच घोषित कर दिया गया। उनके चयन के साथ ही गांव में सरपंच पद की जिम्मेदारी संभालने को लेकर चल रही प्रक्रिया पूरी हो गई।

न्यूज डायरी

गांव-गांव पहुंचेगा 'न्याय आपके द्वार' अभियान

करनाल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप सिंह के मार्गदर्शन में एक से 30 नवंबर तक 'न्याय मित्र-न्याय आपके द्वार' अभियान चलाया जाएगा। हरियाणा राज्य कानूनी सेवाएं प्राधिकरण पंचकूला के निर्देश पर जिले के विभिन्न गांवों, स्कूलों, कॉलेजों और आंगनवाड़ी केंद्रों में कानूनी जागरूकता शिविर लगेंगे। इसके लिए मल्टी यूटिलिटी व्हीकल और ट्रैवलर वैन टी-26 तैनात किए जाएंगे। सीजेएम एवं प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक मुफ्त कानूनी सहायता की जानकारी पहुंचाना है। दो नवंबर को अमुपुर व संमली से शिविरों की शुरुआत होगी। इसके बाद सिंघड़ा, कुछपुरा, सिरसी, दादुपुर, बीबीपुर जाट्टान, ब्याना, कुटैल, बड़सत, सालवन, अरदाना सहित जिले के विभिन्न गांवों में कार्यक्रम होंगे। 11 नवंबर को गोगड़ीपुर व जानी में शिक्षा के अधिकार पर जागरूक किया जाएगा। संविधान दिवस पर 26 नवंबर को कलवेहरी व बूढ़ा खेड़ा में संविधान की प्रस्तावना का पठन होगा।

समस्याओं का जवाब दे सरकार : उदय भान



करनाल। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी करनाल शहरी एवं ग्रामीण की ओर से माल रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदय भान सिंह, शहरी जिला अध्यक्ष पराग गाबा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश वैद्य और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा ने महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर भाजपा सरकार पर सवाल उठाए। उदय भान सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार को अपनी नीतियों का हिसाब देना होगा। महंगाई से आम परिवार परेशान है, युवाओं के सामने बेरोजगारी बड़ी चुनौती है और किसान समस्याओं के समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं। देश में विभिन्न मांगों को लेकर हो रहे प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जनता की आवाज सुनने के बजाय उसे दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है और उसे लोगों के सवालों का जवाब देना चाहिए। पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक राकेश कांबोज, बख्शी सिंह विर्क व धर्मपाल गोंदर, राजेश चौधरी, नाहर सिंह संधू, सतपाल रोड, बिंदर पोसवाल, दिलशेर डायर, नवनीत रंधावा, शेर प्रताप शेरी, गुरमीत सिंह, शेर सिंह डाबरी, सुरेश चौधरी और पृथ्वी घाट सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आंबेडकर भवन में पुस्तक मेला 27 तक



करनाल। सेक्टर-16 स्थित अंबेडकर भवन में बरदर्ज बुक शामली की ओर से लगाए गए पुस्तक मेले का उद्घाटन भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर ने किया। मेला 27 अक्टूबर तक चलेगा और पुस्तक प्रेमी प्रतिदिन सुबह नौ से रात नौ बजे तक यहां पुस्तकें खरीद सकेंगे। मेले में देश-विदेश की हिंदी, पंजाबी और अंग्रेजी की पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं। साहित्य प्रेमियों के साथ स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए भी विभिन्न विषयों की पुस्तकें खरीदने का अवसर है। इस अवसर पर ओमप्रकाश जास्ट, सुरेश दहिया, मोहर सिंह, शिव कुमार, जिले सिंह बेरवाल, गोपाल कृष्ण सहोत्रा और बलवंत सिंह आलान सहित अन्य मौजूद रहे।

न्याय दिलाने में निःस्वार्थ भूमिका निभाएं अधिवक्ता



करनाल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को जिला एडीआर सेंटर में सभी पैनल अधिवक्ताओं और प्रो बोनो अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं मॉनिटरिंग कमेटी करनाल के अध्यक्ष रजनीश कुमार शर्मा ने की। बैठक में कमेटी सदस्य एवं सीजेएम तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव और मॉनिटरिंग कमेटी सदस्य सतीश कुमार भी मौजूद रहे। रजनीश कुमार शर्मा ने अधिवक्ताओं से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रदान किए गए मुकदमों के संबंध में चर्चा की और उन्हें जनहित में निस्वार्थ भाव से कानूनी सेवाएं देने के लिए प्रेरित किया।

घर को बनाया नशे का ठिकाना, फ्रिज के ऊपर छिपाकर बेच रहा था स्मैक हेरोइन और ड्रग मनी समेत आरोपी दबोचा




करनाल। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) यूनिट करनाल ने शिवाजी कॉलोनी में घर से नशा बेचने के आरोप में आदर्श पुत्र बाला सिंह निवासी शिवाजी कॉलोनी, हांसी रोड को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 7.86 ग्राम हेरोइन/स्मैक और नशा बिक्री के 7450 रुपये बरामद किए गए हैं। यूनिट इंचार्ज इंस्पेक्टर ऋषीपाल सिंह ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि आदर्श अपने घर पर नशेड़ियों को हेरोइन/स्मैक बेचता है। उस समय भी उसने घर के हॉल में रखे फ्रिज के ऊपर कपड़े के नीचे नशीला पदार्थ छिपा रखा था। टीम ने सूचना के आधार पर मकान पर दबिश दी तो मुख्य गेट के पास खड़े आदर्श को काबू कर लिया। गवाहों की मौजूदगी में मकान की तलाशी के दौरान हॉल में रसोई की दीवार के पास रखे नीले रंग के फ्रिज के ऊपर कपड़े के नीचे से पारदर्शी मोमी पन्नी, एयरटाइट पन्नियां, कागज के टुकड़े और कपड़े की थैली मिली। मोमी पन्नी में हल्के गुलाबी रंग का पाउडरनुमा पदार्थ मिला, जिसकी पहचान हेरोइन/स्मैक के रूप में हुई। पन्नी सहित इसका वजन 7.86 ग्राम निकला। कपड़े की थैली से 7450 रुपये नकद मिले, जिन्हें नशा बिक्री की रकम के तौर पर कब्जे में लिया गया।

जय-जय सियाराम से गूंजा रामलीला मैदान



करनाल। श्री रामायण पाठक सभा की ओर से विजयदशमी पर्व पर रावण वध और श्रीराम के राजतिलक का मंचन किया गया। रावण, मेघनाथ और मंत्रियों की मंत्रणा के बाद कुंभकरण को निद्रा से जगाया गया। कुंभकरण ने रावण को समझाया कि श्रीराम भगवान विष्णु और माता सीता जगदंबा का अवतार हैं। उसने माता सीता को वापस लौटाकर श्रीराम से मेल करने की सलाह दी, लेकिन रावण नहीं माना और कुंभकरण को युद्ध में भेज दिया। श्रीराम के हाथों कुंभकरण का वध हुआ। इसके बाद लक्ष्मण और मेघनाथ के बीच भीषण युद्ध हुआ, जिसमें लक्ष्मण ने मेघनाथ का वध कर दिया। रामलीला मैदान 'जय-जय सियाराम' और 'सियावर रामचंद्र की जय' के जयघोष से गूंज उठा। इस मौके पर सचिव प्रभात गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज गोयल, चंदन गर्ग, पंकज अग्रवाल सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

लंबित डीए की किस्त तत्काल जारी करे केंद्र सरकार



करनाल। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के पूर्व प्रदेश सचिव एवं सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व जिला प्रवक्ता कृष्ण कुमार निर्माण ने केंद्र सरकार से जुलाई 2026 से लंबित महंगाई भत्ते (डीए) की किस्त तत्काल घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई के बीच डीए की किस्त जारी नहीं करना कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात है। केंद्र की घोषणा के साथ ही राज्य सरकार को भी कर्मचारियों के लिए बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता लागू करना चाहिए। निर्माण ने कोरोना काल का बकाया 18 प्रतिशत डीए ब्याज सहित देने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि जब देश की अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है तो कर्मचारियों का बकाया डीए भी जारी किया जाना चाहिए।

भवन निर्माण मजदूर संघ के प्रधान बने रमेश कुमार



इंद्री। सैनी धर्मशाला इंद्री में भवन निर्माण मजदूर संघ (इंटक)की बैठक जिला महासचिव लाल सिंह कांबोज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संघ के जिला प्रधान जगमाल सिंह ने मुख्य रूप से शिरकत की। बैठक में मजदूरों को मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी दी गई। पदाधिकारियों ने कहा कि मजदूरों को अपने अधिकारों और मिलने वाली सुविधाओं के प्रति जागरूक होना चाहिए, ताकि उनका अधिक से अधिक लाभ उठाया जा सके। बैठक का मुख्य उद्देश्य इंद्री में भवन निर्माण मजदूर संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन करना था। इ

खबर संक्षेप

हड़ताल को सीटू का समर्थन

पानीपत। सीटू ने बिजली के निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों की 22-24 अक्टूबर की हड़ताल का समर्थन किया। राज्य सचिव सुनील दत्त ने कहा कि यह हड़ताल वेतन के लिए नहीं, निजीकरण के खिलाफ है। सरकार ने दक्षिण हरियाणा में गुडग़ांव-नूंह की सप्लाई 25 साल के लिए प्राइवेट कंपनी को दी है। स्मार्ट-प्रीपेड मीटर उसी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि महंगी बिजली का सबसे बड़ा नुकसान किसानों को होगा।

फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन को जागरूक किया

इसराना। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा इसराना में शिविर लगा के फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने के लिए करने के लिए किसानों को जागरूक किया। शिविर में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दिल्ली से पहुंची वैज्ञानिक विशेषज्ञ विजय लक्ष्मी व विभाग के अधिकारियों ने इसराना में आयोजित शिविर में किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण पर जागरूक किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी सुधीर कुमार, सोहन सिंह, ओमपाल सिंह, सरपंच सुमेर सिंह, संदीप कारद, नरेश घनघस, ऋषि घनघस, हरेन्द्र, नवदीप, जयपाल अजय आदि किसान उपस्थित रहे।

कट्टे के साथ यूपी का युवक पकड़ा

पानीपत। सीआईए श्री पुलिस टीम ने छाजपुर ड्रेन पर बने बाइपास से सुफियान पुत्र इकराम निवासी मौहल्ला आल खुर्द, कैराना जिला शामली, उत्तर प्रदेश को कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, थाना सनौली में आरोपी सुफियान के खिलाफ आम्र्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

पुलिस ने कंबल चोरी में दो आरोपी पकड़े

पानीपत। थाना बापौली पुलिस ने पर्व टेक्स इंडिया, गांव बहरामपुर से कंबल चोरी करने के आरोप में अनुराग पुत्र साहब सिंह निवासी गांव अटावला जिला पानीपत, फाजिल पुत्र अकबर निवासी अशोक विहार कॉलोनी पानीपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किए हुए कंबलों को बरामद किया है।

शुक्ल और कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत रखा जाता है

पानीपत। श्री सनातन धर्म में प्रदोष व्रत का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व माना गया है। हर माह के शुक्ल और कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत रखा जाता है। वहीं, 23 अक्टूबर को अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पड़ने के कारण यह पावन व्रत रखा जाएगा। इस दिन शुक्रवार होने की वजह से इसे शुक्र प्रदोष व्रत कहा जाएगा। यह व्रत मुख्य रूप से भगवान शिव और माता पार्वती की संयुक्त कृपा एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए रखा जाता है। ज्योतिषाचार्य पंडित वेद प्रकाश पाराशर ने बताया कि प्रदोष काल पूजा का मुहूर्त शाम पौने छह से रात्रि सवा आठ बजे तक रहेगा।

जोनल यूथ फेस्टिवल में विजेता विद्यार्थी पुरस्कृत

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 49वें जोनल यूथ फेस्टिवल में विजेता रहे विद्यार्थियों को कॉलेज प्रबंधन समिति के एलएन मिगलानी व प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य, संगीत, नाटक, वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, कोरियोग्राफी, ऑर्केस्ट्रा सहित विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया

पानीपत। पानीपत पुलिस की नशा मुक्त अभियान चला रही टीम ने बुधवार को गर्वनमेंट मिडल स्कूल गांव थिराना में विद्यार्थियों को व ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों, साइबर क्राइम व ट्रैफिक नियमों बारे विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

जिला बाल कल्याण परिषद की प्रतियोगिताओं का बाल भवन में शुभारंभ

बच्चों की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें बढ़ावा दें: डॉ. हरीश

प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छिपी प्रतिभा को सामने लाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। बाल भवन में बेटियों के साथ डीसी डॉ हरीश व रितु राठी। फोटो : हरिभूमि

जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बाल भवन में आयोजित बाल प्रतियोगिताओं का बुधवार को उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने शुभारंभ किया। उन्होंने रिबन काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया तथा दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिताओं को आगे बढ़ाया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों से पहुंचे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने अपनी कला, रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी की। डीसी डॉ. हरीश ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानने, निखारने और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। ये गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक सोच और कलात्मक क्षमता को भी विकसित करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है। जरूरत है उसे सही मंच और प्रोत्साहन देने की, ताकि बच्चे अपनी क्षमता को पहचानकर जीवन में आगे बढ़ सकें। वहीं, जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने बताया कि बाल कल्याण परिषद की ओर से 24 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कुल 19 विधाओं की प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। वहीं, प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छिपी प्रतिभा को सामने लाना है।

थिराना में आएंगी राष्ट्रपति, डीसी ने तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की

राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियां में जुटा प्रशासन

पानीपत। पानीपत के गांव थिराना स्थित ज्ञान मानसरोवर के रिट्रीट सेंटर में हरियाणा दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी सिलसिले में बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध तरीके से निर्वहन करें। डीसी डॉ हरीश ने कहा कि राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, स्वच्छता, पेयजल, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मतलौडा अनाज मंडी और थिराना क्षेत्र में हेलीपैड के लिए स्थानों को अंतिम रूप देने के साथ-साथ वहां साफ-सफाई, सुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। वहीं, समीक्षा बैठक में बिजली आपूर्ति सुचारू रखने और कार्यक्रम स्थल पर वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

अंकित चौकसे होंगे नोडल अधिकारी




इस कार्यक्रम के लिए अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त आवश्यकता के अनुसार विभिन्न स्थानों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए जाएंगे, ताकि कार्यक्रम के दौरान व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। डॉ. हरीश ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से जुड़ी सभी तैयारियां 26 अक्टूबर तक पूरी कर ली जाएं।

दो महिलाओं समेत छह लोग घायल

पानीपत। पानीपत में विभिन्न स्थलों पर हुए चार हादसों में छह लोग घायल हो गए। वहीं, बाइक व स्कूटी की टक्कर में करनाल निवासी संतोष व पिंकी घायल हो गई। हादसे में संतोष का एक पैर टूट गया। इधर, कार की टक्कर लगने से टेंपो चालक पवन निवासी बाबरपुर घायल हो गया। जबकि अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक चालक प्रणीव निवासी गांव कुटानी घायल हो गया। इधर, बिंझौल मोड़ पर दो बाइकों की टक्कर में गांव डाहर निवासी रवि व गांव महराणा निवासी सुमित घायल हो गए। वहीं, घायलों का चिकित्सालयों में उपचार चल रहा है।

आर्ट आफ लिविंग के नवरात्रे उत्सव में भक्ति का संगम



पानीपत। आर्ट ऑफ लिविंग के बेंगलुरु इंटरनेशनल सेंटर में दस दिवसीय नवरात्रि महोत्सव में गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर की उपस्थिति में लाखों श्रद्धालु शामिल हुए। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर कुसुम धीमान ने बताया कि मुख्य आकर्षण शतचंडी होम रहा। इन 9 दिन में 7 लाख लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था रही। मूल सोमनाथ शिवलिंग के 176 पवित्र अवशेषों के दर्शन भी कराए गए। महोत्सव में 67 से अधिक देशों के साधकों ने पूजा, ध्यान, मौन साधना में भाग लिया। महोत्सव में ऋषि होम के जरिए गुरु परंपरा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। हरियाणा से भी 15 लोग पहुंचे थे। जिसमें पानीपत से कुसुम धीमान के साथ जोगिंदर वर्मा भी उपस्थित रहे।

हुनर सीखकर आत्मनिर्भर बनें बेटियां: गर्ग

■ इनर व्हील क्लब मिडटाउन ने शुरू की मेहंदी प्रशिक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। इनर व्हील क्लब पानीपत मिडटाउन की कार्यशाला में मेहंदी लगाने की ट्रेनिंग लेती छात्राएं।

इनर व्हील क्लब पानीपत मिडटाउन की ओर से हाली अपना स्कूल में तीन दिवसीय मेहंदी प्रशिक्षण कार्यशाला का बुधवार को शुभारंभ हुआ। यह जानकारी क्लब संपादिका डॉ.दीप्ति जैन ने दी। इधर, क्लब की प्रधान ज्योत्सना गर्ग ने कहा कि क्लब की इस पहल का उद्देश्य बच्चों को केवल एक कला में दक्ष बनाना ही नहीं, बल्कि उन्हें भविष्य में इस हुनर के माध्यम से आजीविका अर्जित करने के अवसरों से भी परिचित कराना है। क्लब सचिव मंजरी गोयल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मेहंदी का विशेष महत्त्व है। करवाचौथ, दीपावली, भाई दूज और अन्य त्योहारों एवं मांगलिक अवसरों पर मेहंदी लगाने की परंपरा प्रचलित है। ऐसे अवसरों पर बेटियां मेहंदी लगाकर अपनी कला का प्रदर्शन कर सकते हैं तथा कुछ आय अर्जित करके अपने परिवार की आर्थिक सहायता भी कर सकते हैं। क्लब के ज़ोन नौ की ज़ोनल क्लब कोर्डिनेटर डॉ अनु कालड़ा का मानना है कि बच्चों को कम उम्र से ही व्यावहारिक कौशल का प्रशिक्षण देना उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। वहीं, कार्यशाला के आयोजन में हॉली अपना स्कूल की प्रिंसिपल पूजा सैनी, मधु यादव सहयोग दे रही है।

इंसान को सद्भावनवान बनाती हैं धार्मिक यात्राएं: विनोद

गांव बापौली से श्री वृंदावन धाम के लिए फ्री बस यात्रा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। गांव बापौली में श्रद्धालुओं को श्री वृंदावन धाम के लिए रवाना करते हुए समाजसेवी विनोद रावल। फोटो : हरिभूमि

समाजसेवा और धार्मिक आस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गांव बापौली के समाजसेवी विनोद रावल उर्फ बिट्टू ने श्रद्धालुओं के लिए श्री वृंदावन धाम के दर्शन करवाने हेतु निःशुल्क बस सेवा शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर उपलब्ध करवाने के साथ-साथ समाज में सेवा, सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। बस सेवा के शुभारंभ अवसर पर महिलाओं और ग्रामीणों की उपस्थिति में रिबन काटकर बस को रवाना किया गया। वहीं, समाजसेवी विनोद रावल बिट्टू ने कहा कि धार्मिक यात्राएं लोगों को प्रभु भक्ति से जोड़ने के साथ-साथ आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता को भी बढ़ावा देती हैं। उनका प्रयास है कि अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को श्री वृंदावन धाम के दर्शन करने का अवसर मिले और वे भगवान श्रीकृष्ण की पावन भूमि के दर्शन कर आध्यात्मिक शांति का अनुभव कर सकें। उन्होंने कहा कि समाजसेवा केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि मानवता के प्रति समर्पण का भाव है। जरूरतमंदों की सहायता करना, लोगों के सुख-दुख में साथ खड़ा होना और धार्मिक कार्यों में सहयोग देना समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।

विद्यार्थियों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली



पानीपत। राजकीय कॉलेज के विद्यार्थी स्वच्छता जागरूकता रैली निकालते हुए।

पानीपत। देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय, पानीपत में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना था। वहीं, प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद जागलान ने विद्यार्थियों को अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक दायित्व भी है। प्रत्येक नागरिक के सहयोग से ही स्वच्छ समाज का निर्माण संभव है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवम धवन के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर जय कुंवर, संदीप कुमार, कविता जैन, डॉ. कविता तनेजा, नैंसी बजाज, वंदना शर्मा विकास यादव आदि उपस्थित रहे।

भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल



पानीपत। प्रेस वार्ता करते हुए कांग्रेसी नेता धर्मपाल मलिक व रमेश मलिक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

■ कांग्रेस ने प्रदेश सरकार से मांगा 12 साल के राज का हिसाब-किताब

हरियाणा में भाजपा सरकार के 12 वर्ष और तीसरे कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने पर जिला कांग्रेस कमेटी, पानीपत (ग्रामीण) के कार्यालय में कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष धर्मपाल मलिक ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपने 12 साल के कार्यकाल में जनता की सेवा करने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। भाजपा सरकार ने हर वर्ग से किए वादों को पूरा नहीं किया। प्रदेश में अपराध, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर बुरी तरह से विफल साबित हो चुकी है। प्रेस वार्ता में कांग्रेसी नेता दिव्यांशु बुद्धिराजा, स. बलजीत सिंह, पूर्व मंत्री बिजेंद्र सिंह कादयान, पूर्व विधायक बलबीर वाल्मीकि, संगठन महासचिव, पानीपत (ग्रामीण) दीपक खड़कड़; कवर सिंह छोकर, सतेंद्र जांगड़ा, राजबीर नारा, भूपेंद्र मलिक, करमबीर आदि उपस्थित रहे।

सेवाभावियों का उत्साह बढ़ाया व बैज लगाकर स्वागत किया

रक्तदान के साथ इसराना साहिब में समागम का हुआ शुभारंभ



इसराना। गुरुद्वारा संत भवन इसराना साहिब में आयोजित किए जा रहे सालाना समागम में बुधवार को श्रद्धा, भक्ति, उत्साह और उमंग का माहौल दिखाई दिया। गुरुद्वारा परिसर गुरबाणी और शब्द कीर्तन से सराबोर रहा। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लिया और माथा टेककर आध्यात्मिक संस्थान में संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने गुरुद्वारा परिसर में लगाए जा रहे रक्तदान शिविर में भी पहुंचकर रक्तदाताओं और सेवाभावियों का उत्साह बढ़ाया तथा बैज लगाकर उनका स्वागत किया। इधर, उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि गुरुद्वारा साहिब जैसे आध्यात्मिक संस्थानों में पहुंचकर मन को शांति, सुकून और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। वहीं, आध्यात्मिक स्थल समाज में प्रेम, सद्भाव, भाईचारे और मानव सेवा की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर संत राजिंद्र सिंह, सरदार देवेंद्र सिंह, सरदार कुलवंत सिंह, सरदार कमलजीत सिंह, सहित विभिन्न गुरुद्वारों से आई संगत मौजूद रही।

कार्यक्रम | पुलिस लाइन में कप्तान मेधा ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत





पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को नमन करने के लिए जाते हुए कप्तान मेधा भूषण।बलिदानियों के परिजनों को स्मृति उपहार भेंट करते हुए पुलिस कप्तान मेधा भूषण।

पुलिस स्मृति दिवस पर देश की सुरक्षा, एकता, अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण ने अपनी टीम के साथ भावभीनी श्रद्धाजलि दी। कप्तान मेधा ने अपने प्राणों की आहुति देने वाले पानीपत निवासी शहीद सिपाही प्रेम सिंह निवासी हुडा सेक्टर-छह, सिपाही संजय कुमार निवासी विकास नगर, ईएसआई बलवान सिंह निवासी देसराज कॉलोनी व युजीसी रणधीर सिंह गांव मांडी को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। एसपी मेधा ने शहीदों के परिवारजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर एएसपी हर्षित गोयल, डीएसपी मुख्यालय विकास कुमार, डीएसपी प्रणय कुमार, डीएसपी नरेंद्र कुमार, डीएसपी सुरेश कुमार, डीएसपी प्रदीप, डीएसपी मुकेश कुमार व अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

मंडियों में 1.46 लाख एमटी धान की आवक

पानीपत। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि पानीपत जिला की विभिन्न मंडियों में कुल 145940 मीट्रिक टन धान की आवक हुई। इसमें से 11270.0 मीट्रिक टन धान पीआर, 1509 किस्म की 134346 मीट्रिक टन धान, सरबती 7 मीट्रिक टन, बासमति/1121 धान 295.5 मीट्रिक टन व मुच्छल 21.5 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। उन्होंने बताया कि बाबरपुर मंडी में कुल 7935 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें पी.आर. 1275 मीट्रिक टन, बासमती/1121 धान शून्य मीट्रिक टन, सरबती शून्य मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म की 6660 मीट्रिक टन, मुच्छल शून्य मीट्रिक टन धान की आवक की गई।

समालखा में चार खाद्य नमूने लिए

समालखा। त्योहारी सीजन के दृष्टिगत आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग, पानीपत द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. विक्रम पसरीचा द्वारा समालखा बाजार स्थित चार मिठाई की दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच हेतु दुकान से चार खाद्य नमूने लिए गए। सभी नमूनों को नियमानुसार जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। वहीं, डॉ. विक्रमने आमजन से भी अपील की कि अगर आमजन को लगता है कि कहीं किसी दुकान पर खाद्य पदार्थों में मिलावट करके बेचा जा रहा है या कोई दुकान पर संदिग्ध मिलावटी खाद्य पदार्थ बनाए जा रहे हैं तो इसकी सूचना बगैर किसी झिझक के विभाग को दें, आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

खबर संक्षेप

बाल दिवस प्रतियोगिता का शुभारंभ

अंबाला। जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिताओं-2026 का शुभारंभ बुधवार को अंबाला छावनी के कुमारी रुक्मणी देवी हॉल में हुआ। उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपायुक्त सचिन गुप्ता की धर्मपत्नी एवं जिला बाल कल्याण परिषद की चेयरपर्सन व आईआरएस अधिकारी हीना गुप्ता तथा एसडीएम कनिका गोयल भी उपस्थित रही। मुख्य अतिथि का पौधा भेंट किया गया।

अंबालाः योजना के तहत 13 किसानों ने किया आवेदन

अंबाला। सहायक कृषि अभियंता ओम प्रकाश महिवाल ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2026-2027 के दौरान डीएसआर अनुदान योजना के तहत 13 किसानों ने डीएसआर पर अनुदान के लिए आवेदन किया था जिनमे से सभी किसानों को परमिट जारी कर दिया गया था। इन 13 किसानों में से अब केवल 4 किसानों ने परमिट डाउनलोड कर पोर्टल पर बिल जमा करवाए है। इन किसानों के डीएसआर कृषि यंत्र का भौतिक सत्यापन 22 अक्तूबर 2026 को सहायक कृषि अभियंता कार्यालय अंबाला शहर में किया जाएगा। अनुदान पर खरीदे गए डीएसआर कृषि यंत्र की भौतिक सत्यापन निम्नानुसार किया जाएगा।

मंडियों में 346606.50 एमटी धान की आवक

अंबाला। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक जितेश गोयल ने बताया कि जिला में धान खरीद कार्यों से संबंधित सभी मंडियों में कार्य सुचारू रूप जारी हैं। सभी 15 मंडियों में धान उठान का कार्य भी बेहतर तरीके से किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि 20 अक्तूबर शाम 5 बजे तक जिला की मंडियों में धान की 346606.50 मिट्रिक टन आवक आ चुकी हैं। इसमें से विभिन्न एजेंसियों द्वारा 297648 मिट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। अब तक कुल 205954 मीट्रिक टन धान का उठान हो चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि खाद्य आपूर्ति विभाग एवं एजेंसियों द्वारा 204006 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। हैफेड द्वारा 93642 मिट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी हैं।

डिजिटल अरेस्ट के खतरों से बचने के उपाय बताए

अंबाला। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जलबेहड़ा में एक विशेष विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में पॉक्सो एक्ट 2012 बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करने वाले कानून के मुख्य उद्देश्य और उसकी मुख्य विशेषताएं बताई गई। साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट बढ़ते साइबर फ्रॉड और फर्जी डिजिटल अरेस्ट के खतरों से बचने के उपाय बताए गए।शिक्षा के अधिकार और कमजोर वर्गों के लिए विधिक सहायता के बारे में भी बताया गया। शिविर में पॉक्सो एक्ट 2012 बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करने वाले कानून के मुख्य उद्देश्य और उसकी मुख्य विशेषताएं बताई गई।

अनाजमंडी में फर्जी गेट पास काटने का आरोप

मुलाना। अनाज मंडी में धान के फर्जी गेट पास काटने के आरोप लगाते हुए राइस मिलर्स एसोसिएशन के सदस्य भड़क गए हैं। उन्होंने मार्केट कमेटी कार्यालय में एकत्रित होकर विभागीय अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। एसोसिएशन ने इसकी जांच सीबीआई या राज्य सतर्कता ब्यूरो से करवाने की मांग उठाई है। एसोसिएशन के प्रधान भूपेंद्र कालड़ा सचिन जिंदल व सदस्य शिवांशु नागपाल, अमित जिंदल, सतनाम, राहुल नेहरा, रोहित गोयल, संतोष गोयल का दावा है कि गेट पास कटने के बाद धान से भरी ट्रॉली को मंडी से बाहर ले जाया जाता है। फिर उसी धान के कई बार फर्जी गेट पास काटे जाते हैं।सदस्यों के अनुसार, एक ही माल के चार-चार बार तक फर्जी गेट पास काटे गए हैं। बाहर से भरे ट्रकों को मंडी में खाली घुमाकर उनके गेट पास काटने के भी आरोप हैं। राइस मिलर्स ने संलिप्त कर्मचारियों को निलंबित करने की मांग की है। उन्होंने इन आरोपों के पुख्ता सबूत और वीडियो होने की बात कही। 15 दिन की सीसीटीवी फुटेज जांचने की मांग राइस मिलर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने मांग की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

शानदार प्रस्तुतियों से युवाओं ने प्रतिभा का लोहा मनवाया

मंत्री अनिल विज बोले-युवा देश का पावर हाउस, 31 लाख रुपये देने का किया ऐलान

यूथ फेस्टिवल में युवाओं ने मचाया धमाल, दर्शक झूमे

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि शिक्षा मनुष्य के व्यक्तित्व को निखारती है। हमें अपने संस्कारों को जीवंत रखते हुए नई तकनीक को साथ लेकर आगे बढ़ना है। युवा देश का भविष्य है। हमारा देश युवा भारत है, युवाओं में शक्ति का संचार आत्यधिक हो, आवश्यकता है। साकारात्मक कार्यों में युवाओं की शक्ति लगे ताकि देश के नव निर्माण में युवा अपना योगदान दे सके। ऊर्जा मंत्री बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूथ एंड कल्चरल अफेयर्स विभाग द्वारा अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में आयोजित 49वें यूथ फेस्टिवल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन को गतिविधियों के लिए 31 लाख रुपए अपने स्वैच्छिक कोष से देने की घोषणा भी की। पहले दिन युवाओं ने प्रतिभा से जमकर धमाल मचाया। शानदार प्रस्तुतियों से युवाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

एकाग्रता जीवन का अमूल्य बैंक



विज ने इस मौके पर जीएमएन कॉलेज की प्रबंधक कमेटी द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं गतिविधियों की सराहना की। साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूथ एंड कल्चरल अफेयर्स विभाग द्वारा यहां पर यूथ फेस्टिवल के आयोजन करवाने की सराहना करते हुए कहा कि यहां पर प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच मिला है, जिसमें कोई गीत, कोई नृत्य, कोई काव्य, कोई नाटक व संदेश के माध्यम से अपनी बेहतर प्रस्तुति देने के लिए प्रोत्साहित है। उन्होंने कहा कि यहां पर विद्यार्थियों द्वारा जो प्रस्तुतियां दी जाएंगी उसके लिए काफी अभ्यास किया है क्योंकि आगे निकलने की इच्छा रखना, व्यक्ति को कई अड़चनों से आगे निकलने के लिए भी उत्साह के साथ-साथ प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति में कोई न कोई कला छिपी होती है, उन्होंने कहा "सफलता दो चीजों का मेल है: एक है क्षमता और दूसरा है अवसर।। उन्होंने कहा कि अवसर तो इस मंच के माध्यम से विद्यार्थियों को दिया गया है, मौका है अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके उसे सिद्ध करना। मंत्री ने कहा कि संसार की हर राह में प्रतिस्पर्धा है, यह संसार ही प्रतिस्पर्धा है, प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने के लिए अभ्यास बेहद जरूरी है, बार-बार अभ्यास करने से न केवल अपनी कला निखरती है बल्कि मनुष्य का व्यक्तित्व भी निखरता है और वह जीवन में आगे बढ़ने लिए प्रोत्साहित होता है। उन्होंने कहा कि जब कोई भी कलाकार बेहतरीन मूर्ति बनाता है तो उसके पीछे उसका अभ्यास होता है, उसकी प्रतिभा होती है। इसी प्रकार जब भी कोई कवि बेहतरीन कविता लिखता है तो उसके पीछे उसकी एकाग्रता होती है। आज यहां पर जो विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, उसके पीछे उनकी एकाग्रता होगी। एकाग्रता जीवन का अमूल्य बैंक है।

युवाओं की शक्ति बड़ा पावर हाउस

ऊर्जा मंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि हरियाणा खेलों के नाम से, सीमा पर खड़े जवानों के नाम से, बंजर भूमि उपजाऊ बनाकर अपनी ताकत से पैदावार करने से जाना जाता है। ऐसे प्रदेश में यदि युवाओं के रास्ते खोल दिए जाएं, चाहे वह यूथ फेस्टिवल का मंच हो, क्रिकेट का, फुटबॉल का मैदान हो, हॉकी का मैदान हो, बैडमिंटन या अन्य क्षेत्र जो हो, उसमें युवाओं की जो शक्ति होती है, वह पावर हाउस होती है और इतनी शक्तिशाली होती है कि देश के सामने यदि कोई बड़ी से बड़ी कोई परिस्थिति हो, उसका मुकाबला करने में सक्षम होती है। मकसद यही है कि युवाओं की जो शक्ति है वह सकारात्मक कार्यों में लगनी चाहिए। विज ने इस मौके पर जीएमएन कालेज मैनेजमेंट कमेटी के कार्यों की सराहना की और जीएमएन कॉलेज व एसडी कॉलेज को शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश का अव्वल कॉलेज बताते हुए कहा कि यह दोनों कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़कर विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने मे अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश में 2014 से पहले 105 कॉलेज हुआ करते थे। भाजपा सरकार ने इन कॉलेजों की संख्या बढ़ाकर 185 कर दी है। जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए फीस में रियायत दी गई है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कार्यों में निरंतरता में कार्य किए जा रहे है ताकि शिक्षा के क्षेत्र में कोई दिक्कत न आए। इस मौके पर वशिष्ठ अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय यूथ एंड कल्चरल अफेयर्स विभाग के निदेशक डॉ. विवेक चावला ने मुख्य अतिथि व अन्य का यहां पहुंचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर जीएमएन कॉलेज प्रबंधक कमेटी के प्रधान डॉ. गुरदेव सिंह व प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त ने मुख्य अतिथि के साथ-साथ वशिष्ठ अतिथि का यहां पर स्वागत करते हुए कालेज की गतिविधियों एवं अन्य कार्यों बारे विस्तार से जानकारी दी।

पैरेलल लाइसेंस को लेकर बिफरे बिजली कर्मचारी

राज्य सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप, प्रतियां जलाकर जताया विरोध





राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते व पैरेलल लाइसेंस की प्रतियां जलाते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज. बराड़ा

पैरेलल लाइसेंस को लेकर बिजली कर्मचारियों में रोष चरम सीमा पर है। बुधवार को हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर नारायणगढ़ व बराड़ा सब डिविजन के बिजली कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) की ओर से जारी पैरेलल लाइसेंस की प्रतियां जलाईं। कर्मचारियों ने सरकार पर समझौते से पीछे हटने का आरोप लगाते हुए 22, 23 और 24 अक्तूबर को प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। बराड़ा में प्रदर्शन की अध्यक्षता एचएसईबी वर्कर यूनियन के प्रेस सचिव प्रदीप सैनी सैहला ने की जबकि मंच संचालन यूनियन के प्रधान दीपक शर्मा ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रदीप सैनी ने कहा कि करीब दो महीने पहले प्रदेश सरकार और संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों के बीच तीन प्रमुख मुद्दों पर सहमति बनी थी। इनमें पैरेलल लाइसेंस रद्द करना, स्मार्ट मीटर प्रणाली को समाप्त करना और एग्री डिस्कॉम नहीं बनाने की मांग शामिल थी। इस सहमति के बाद यूनियन ने प्रस्तावित हड़ताल स्थगित कर दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करने के बजाय गुड़गांव और नूंह सर्कल में निजी कंपनी को पैरेलल लाइसेंस देकर समझौते का उल्लंघन किया है। इससे बिजली कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस कथित वायदाखिलाफी के विरोध में प्रदेशभर के सब डिवीजन कार्यालयों में लाइसेंस की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया गया है। यूनियन नेताओं के अनुसार, संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों ने 22 से 24 अक्तूबर तक तीन दिवसीय पूर्ण हड़ताल का ऐलान किया है।

निजी हाथों में बिजली निगम को दे रही सरकार

शहजादपुर। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग द्वारा बिजली वितरण क्षेत्र में निजी कंपनियों को लाइसेंस देने के फैसले के विरोध में बिजली विभाग के कर्मचारियों ने सांझा संयुक्त संगठन मोर्चा द्धारा आंदोलन को तेज करते हुए दूसरे दिन सब यूनिट के कर्मचारियों एंव अधिकारियों ने निजी लाइसेंस की प्रतियां जलाकर अपना रोष प्रकट किया। मोर्चा के प्रतिनिधियों ने कहा कि बिजली जैसी आवश्यक जनसेवा के क्षेत्र में निजी कंपनियों को लाइसेंस देना सरकारी बिजली निगमों के भविष्य, कर्मचारियों एंव अधिकारियों की सेवा सुरक्षा तथा आम उपभोक्ताओं के हितों के लिए गम्भीर चिंता का विषय है। निजीकरण को बढ़ावा देने वाले ऐसे फैसलों से सार्वजनिक बिजली वितरण व्यवस्था कमजोर होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि सांझा सयुंक्त संगठन मोर्चा ने निजी लाइसेंस के विरोध में हड़ताल के माध्यम से अपना संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया है। इस दौरान बलिंद्र कुमार,सुशील कुमार,स्पटर गुर्जर,अनिल,लखविंदर,कुलदीप सिंह,कमल,जितेंद्र,मनोज सैनी,राजेश, सुरजीत ,रामनिवास, राम रत्न सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।



बराड़ा। रेलवे स्टेशन पर खुले पड़े गडढे।

तंदवाल रेलवे स्टेशन पर खुले गड्ढे हादसों को दे रहे दावत

- रेलवे की लापरवाही पर सवाल, चार महीने से खुले पड़े हैं गड्ढे, यात्रियों की जान पर खतरा
- रात के अंधेरे में किसी के भी गिरने की आशंका

हरिभूमि न्यूज. बराड़ा

तंदवाल रेलवे स्टेशन (हाल्ट) पर रेलवे की ओर से करीब चार महीने पहले बनाए गए छह फीट गहरे गड्ढे अब यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा बन गए हैं। रेलवे लाइन के दोनों ओर बने इन गड्ढों को खुला छोड़ दिया गया है। इन स्थानों पर रेलवे की ओर से खंभे लगाए जाने थे लेकिन चार महीने का लंबे समय बीत जाने के बावजूद न तो काम पूरा हुआ और न ही गड्ढों को ढकने अथवा इनके आसपास सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। ऐसे में स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों के साथ कभी भी कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है। सबसे ज्यादा खतरा उन यात्रियों को है जो रात के समय में ट्रेन से पैदल उतरकर गांव तंदवाल की ओर जाते हैं। खंभे लगाने के लिए खोदे गए यह गड्ढे रास्ते में होने के कारण लोगों का ध्यान भटकने या अंधेरे में दिखाई न देने पर कोई भी इनमें गिर सकता है। दिन के समय भी ये गड्ढे दुर्घटना का कारण बन सकते हैं जबकि रात के समय खतरा और बढ़ जाता है। स्टेशन पर आने-जाने वाले लोगों, बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है।

सुरक्षित रूप से ढका जाए

बीते दिनों धन्यौड़ा गांव में गड्ढे में बच्चे के गिरने की घटना ने भी ऐसी लापरवाही के गंभीर परिणामों की याद दिलाई थी लेकिन इन सब के बावजूद भी तंदवाल रेलवे स्टेशन पर खुले पड़े गड्ढों को सुरक्षित नहीं किया जाना कई सवाल खड़े करता है। लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन को तुरंत इन गड्ढों को ढकने का काम करना चाहिए। यदि खंभे लगाने का काम अधूरा है, तो उसे जल्द पूरा किया जाए और तब तक गड्ढों को सुरक्षित रूप से ढका जाए।

फन विद फूड प्रतियोगिता में बच्चों ने बिना आग के बनाए स्वादिष्ट व्यंजन

हरिभूमि न्यूज बराड़ा

संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, व्यवहारिक ज्ञान और टीम भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कक्षा प्री-नर्सरी से पांचवीं तक के बच्चों के लिए फन विद फूड और कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नन्हे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी पाक कला और रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने बिना आग का इस्तेमाल किए सैंडविच, भेलपुरी, फ्रूट चाट, लावा केक, बर्गर सहित विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। बच्चों ने आकर्षक ढंग से व्यंजनों को सजाकर अपनी कल्पनाशीलता का परिचय दिया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को खानपान से जुड़ी नई-नई चीजें सीखने और उन्हें स्वयं तैयार करने का अवसर मिला। प्रतियोगिता में भाग लेकर बच्चों ने खूब आनंद उठाया।



बराड़ा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स स्कूल स्टाफ के साथ।

अमर शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान की याद में मनाया गया दिवस

हरिभूमि न्यूज.अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस लाइन में बुधवार को पुलिस स्मृति एवं पुलिस झंडा दिवस' अत्यंत श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला पुलिस की ओर से देश की रक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के अमर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले जवान हमारी अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर तैनात सैन्य बलों की तरह हमारे पुलिसकर्मियों के शौर्य और बलिदान का इतिहास भी अतुलनीय है। शहीदों से प्रेरणा लेकर हमें हर चुनौती का दृढ़ता से सामना करने का संकल्प लेना चाहिए।



अंबाला। शहीदों जवानों को श्रद्धांजलि देते एसपी अजीत सिंह शेखावत।

परिजन सम्मानित

पुलिस अधीक्षक ने अमर शहीद बहादुर हवलदार प्रीता राम एवं शहीद बहादुर सिपाही करनैल सिंह के परिजनों को सम्मानित किया और उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। रेलवे पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रवीना पी), कमांडेंट फर्स्ट बटालियन एचएपी तान्या सिंह, उप पुलिस अधीक्षक जगबीर सिंह, उप पुलिस अधीक्षक बराड़ा अभिलक्ष, उप पुलिस अधीक्षक प्रथम वाहिनी अनिल कुमार एवं संजीव कुमार सहित कई राजपत्रित अधिकारियों व पुलिस जवानों ने शहीदों को नमन कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

बिना हेलमेट, ओवरस्पीडिंग व शराब पीकर वाहन चलाने के सबसे ज्यादा चालान

सितंबर में 12,116 यातायात चालान, 38.92 लाख मिलेगा राजस्व

हरिभूमि न्यूज.अंबाला

सडक़ सुरक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों को और गति देते हुए उपायुक्त सचिन गुप्ता ने संबंधित विभागों को यातायात नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित करें। उपायुक्त बुधवार को जिला सडक़ सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सडक़ सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कार्यों, पिछली बैठक के लंबित मामलों की प्रगति, यातायात प्रवर्तन, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों, सडक़ अवसंरचना तथा स्कूल वाहन पॉलिसी की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस विभाग की ओर से बताया कि सितंबर 2026 में यातायात नियमों के उल्लंघन के 12,116 चालान किए गए। इन चालानों के तहत 38 लाख 92 हजार रुपये की राशि राजस्व के तौर पर खजाने में आएगी। इनमें बिना हेलमेट, ओवरस्पीडिंग, दोपहिया वाहन पर ट्रिपल सवारी, बिना लाइसेंस, ड्रंकन ड्राइविंग, बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र तथा बिना सीट बेल्ट सहित विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले शामिल हैं। उपायुक्त ने कहा कि यह प्रवर्तन सडक़ सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।



अंबाला। अधिकारियों की मीटिंग लेते डीसी।

इंजीनियरिंग उपायों पर विशेष जोर

इस दौरान सडक़ सुरक्षा के विभिन्न इंजीनियरिंग एवं सुधारात्मक उपायों की समीक्षा की गई। इनमें सडक़ों की मरम्मत, पैच वर्क, अवैध कट बंद करना, स्पीड ब्रेकर, हैजर्ड मार्कर, जेब्रा क्रॉसिंग, व्हाइट लाइनिंग और रिफ्लेक्टिव टेप लगाने जैसे कार्य शामिल हैं। उन्होनें लोक निर्माण विभाग, मार्केटिंग बोर्ड, एनएचएआई, एचएसएएमबी, नगर निगम के अधिकारियों को जिला की सभी सडक़ों पर आवश्यक पैचवर्क व सडक़ों की मुरम्मत करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एक्सीडेंट प्रोन एरिया एवं ब्लैक स्पॉट की पहचान एवं सुधार तथा रोड सेफ्टी ऑडिट की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित विभागों को चिह्नित स्थानों पर आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सडक़ सुरक्षा से जुड़े प्रत्येक कार्य का उद्देश्य सीधे तौर पर मानव जीवन की सुरक्षा है इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा करें। उन्होंने लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करवाकर एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में सडक़ सुरक्षा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा गया ताकि स्वीकृत उपायों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्कूलों को विद्यार्थियों के बीच यातायात नियमों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व और सुरक्षित सड़क व्यवहार को लेकर नियमित जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए।